**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 20.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड के पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति पद के लिए किया नामांकन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई कैबिनेट मंत्री रहे मौजूद।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के दिवंगत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि देने आज जायेंगे जमशेदपुर, शोक संतप्त परिवार से भी करेंगे मुलाकात।**
3. **रिम्स टू की जमीन को लेकर विवाद गहराया, सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने–सामने, आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला जारी।**
4. **राजधानी रांची में यातायात व्यवस्था सुधारने की पहल तेज, एसएसपी ने काली फिल्म लगाने और प्रेशर हॉर्न बजाने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई का दिया निर्देश।**
5. **झारखंड के सूरज पाठक और स्वस्तिक कुमार मैट्रिक्स फाइट नाइट इवेंट में लेंगे भाग, 22 से 24 अगस्त तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होगी प्रतियोगिता।**

*****************

उप–राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए सत्तारूढ़ एनडीए के प्रत्याशी और झारखंड के पूर्व राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत एनडीए के कई नेता मौजूद रहे। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बी. सुदर्शन रेड्डी कल अपनी नामजदगी के पर्चे भरेंगे।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिवंगत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के शोक संतप्त परिवार से मिलने आज जमशेदपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी रहेंगी। वे, दिवंगत शिक्षा मंत्री स्वर्गीय रामदास सोरेन को उनके घर में श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

*****************

रांची के नगड़ी में बनने वाले रिम्स टू की जमीन को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। भाजपा का आरोप है कि जिस जमीन पर रिम्स टू का निर्माण प्रस्तावित है, वह आदिवासियों की कृषि योग्य भूमि है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने 24 अगस्त को उस जमीन पर हल चलाने की बात कहकर सरकार को सकते में डाल दिया है। राज्य के मंत्री सुदिव्य कुमार ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा जनहित के मुद्दे पर भी राजनीति कर रही है।

इधर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सरकार आदिवासियों की कृषि योग्य भूमि पर रिम्स टू का निर्माण कराने की हठधर्मिता छोड़ दे।

*****************

केंद्र सरकार गंभीर आपराधिक केस में गिरफ्तार होने पर प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री को पद से हटाने का कानून बनाने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज इसके लिए संसद में तीन बिल पेश करेंगे। गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज संशोधन बिल 2025, 130वां संविधान संशोधन बिल 2025 और जम्मू–कश्मीर पुनर्गठन संशोधन बिल 2025 में प्रावधान हैं कि अगर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री ऐसे गंभीर अपराधों में गिरफ्तार किए जाते हैं, जिनमें कम से कम पांच साल की जेल हो सकती है और उन्हें लगातार 30 दिन हिरासत में रखा जाता है, तो 31वें दिन उन्हें पद से हटा दिया जाएगा। अमित शाह इन तीनों बिलों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने के लिए लोकसभा में प्रस्ताव भी पेश करेंगे। इससे पहले आज केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रोडक्शन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल–2025 लोकसभा में पेश किया। इसमें ऑनलाइन मनी गेमिंग, विज्ञापन, खेल के लिए उकसाने वाले को सजा–जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

*****************

झारखंड समेत देशभर में आज से उन्नत डाक तकनीक का दूसरा चरण शुरु हो रहा है। इसे डिजिटल इंडिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस स्वदेशी तकनीक का विकास डाक प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र ने किया है। यह तकनीक मेघराज टू प्वाइंट ज़ीरो क्लाउड पर काम करती है। इस तकनीक से अब लोगों को क्यूआर कोड से भुगतान करने, ओटीपी से डिलीवरी लेने और सटीकता बढ़ाने के लिए दस अंकों वाले डिजिपिन का उपयोग करने की सुविधा मिलेगी।

*****************

राजधानी रांची की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। पिछले दो दिनों में करीब तीन सौ वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने काली फिल्म लगाने और प्रेशर हॉर्न बजाने वाले वाहनों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है।

*****************

दुमका जिले में अतिवृष्टि के कारण सब्जी की खेती को नुकसान पहुंचा है। इससे किसानों के साथ–साथ अन्य हितग्राही भी प्रभावित हुए हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं

*****************

खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड क्षेत्र के जरियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में पांच वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। घटना 18 अगस्त की है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी नाबालिग को निरूद्ध कर बाल सुधार गृह भेज दिया है। वहीं बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

*****************

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स 130 अंक बढ़कर 81 हजार 773 अंक पर और निफ्टी 37 अंक बढ़कर 25 हजार 17 अंक पर पहुंच गया है।

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 92 हजार एक सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 20 हजार रुपये प्रति किलो है।

*****************

झारखंड के सूरज पाठक और स्वस्तिक कुमार मिक्स मार्शल आर्ट्स के तहत आयोजित होनेवाली मैट्रिक्स फाइट नाइट इवेंट में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 22 से 24 अगस्त तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होगी। यह एक तरह का फीडर इवेंट है। इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले फाइटर्स को मुख्य इवेंट इंटरनेशनल फाइट नाइट में लड़ने का मौका मिलता है। झारखंड से पहली बार किसी खिलाड़ी को इस प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिला है।

*****समाप्त************